SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

CS (MAIN) EXAM:2018 वियोज्य *DETACHABLE*

# वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र I)

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY (Paper I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Questions No. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

# खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) लेखाकरण मानकों की संकल्पना एवं प्रकृति को समझाइये । इनकी आवश्यकता क्यों पड़ती है ?
Explain the concept and nature of accounting standards. Why are these needed ? 10

1.(b) कौन-कौन सी लागतें प्रबन्धकीय निर्णयन में प्रयुक्त होती हैं ? उनकी विशेषताओं को संक्षेप में समझाइये ।
What are the costs used in managerial decision-making ? Explain, in brief, their characteristics. 10

1.(c) आयकर अधिनियम के अन्तर्गत, एक 'सामान्यत: अनिवासी' व्यक्ति का कर का दायित्व एक 'निवासी' व्यक्ति से किस प्रकार भिन्न होता है ?
In what way does the liability of tax of a "not ordinarily resident" person differ from that of a "resident" person under the Income Tax Act ? 10

1.(d) धारा 35 D एवं 35 E के अन्तर्गत, कटौती का दावा करने के लिए अनिवार्य कर लेखापरीक्षा के प्रमुख प्रावधानों को समझाइये ।
Explain the major provisions of compulsory tax audit for claiming deduction under section 35 D and 35 E. 10

1.(e) लागत लेखाकरण के प्रकार्यों को संक्षेप में समझाइये ।
Explain, in brief, the functions of cost accounting. 10

2.(a) एक्स वाई ज़ेड लिमिटेड का 31 मार्च, 2017 का तुलनपत्र निम्नलिखित है :

| दायित्व | ₹ | आस्तियां | ₹ |
|---|---|---|---|
| 20,000 ईक्विटी शेयर (प्रति शेयर ₹ 100) | 20,00,000 | गुडविल | 25,000 |
| | | भूमि एवं भवन | 1,50,000 |
| | | संयंत्र एवं मशीनरी | 3,00,000 |
| 12% डिबेंचर | 5,00,000 | फर्निचर | 80,000 |
| | | स्टॉक | 2,70,000 |
| अदत्त डिबेंचर ब्याज | 1,20,000 | ऋणी | 60,000 |
| | | बैंक में नकद | 35,000 |
| | | प्रारंभिक व्यय | 20,000 |
| लेनदार | 3,00,000 | लाभ एवं हानि खाता | 19,80,000 |
| | 29,20,000 | | 29,20,000 |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

पुनर्निर्माण की योजना निम्नलिखित है :

(i) ईक्विटीशेयरों को प्रति शेयर ₹95 से कम कर दिया जाता है। इसके पश्चात्, इन्हें प्रति शेयर ₹10 में 10,000 ईक्विटी शेयरों में समेकित किया जाता है।

(ii) डिबेंचरधारी अपने अदत्त डिबेंचर ब्याज को त्यागने की स्वीकृति देते हैं। क्षतिपूर्ति के रूप में, 12% डिबेंचर को 14% डिबेंचर में परिवर्तित कर दिया जाता है, ₹5,00,000 रकम शेष है।

(iii) लेनदारों को यह विकल्प दिया जाता है कि या तो वे अपने दावों के पूर्ण भुगतान में 50% नकद स्वीकार करें अथवा अपने दावों को इक्विटी शेयरों (प्रति शेयर ₹10) में परिवर्तित कर लें। ₹2,00,000 के लेनदार अपने दावों की सन्तुष्टि हेतु शेयरों का विकल्प चुनते हैं।

(iv) उन लेनदारों को अदायगी के लिए जिन्होंने नकद भुगतान का विकल्प चुना है एवं कार्यशील पूंजी को बढ़ाने के लिए कम्पनी सम मूल्य पर 50,000 ईक्विटी शेयरों (प्रति शेयर ₹10) को निर्गमित करती है, तथा उनका पूर्ण भुगतान आवेदन पर देय है। यह निर्गमन पूर्ण अभिदत्त हुआ।

(v) भूमि एवं भवन का ₹2,00,000 पर पुनर्मूल्यन किया जाता है जब कि मशीनरी को घटा कर ₹2,10,000 कर दिया जाता है। संदिग्ध ऋण हेतु ₹5,000 का प्रावधान किया जाता है।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और पुनर्निर्माण के तुरन्त पश्चात् कम्पनी का तुलन पत्र तैयार कीजिए।

The following is the Balance Sheet of XYZ Ltd. as at 31st March 2017.

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| 20,000 Equity shares of ₹100 each | 20,00,000 | Goodwill | 25,000 |
| | | Land & Buildings | 1,50,000 |
| | | Plant & Machinery | 3,00,000 |
| 12% Debenture | 5,00,000 | Furniture | 80,000 |
| | | Stock | 2,70,000 |
| Outstanding debentures interest | 1,20,000 | Debtors | 60,000 |
| | | Cash at Bank | 35,000 |
| Creditors | 3,00,000 | Preliminary expenses | 20,000 |
| | | Profit & Loss A/c. | 19,80,000 |
| | 29,20,000 | | 29,20,000 |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

The following is the scheme of reconstruction :

(i) Equity shares are reduced by ₹95 per share. They are, then, consolidated into 10,000 equity shares of ₹10 each.

(ii) Debenture holders agree to forego outstanding debenture interest. As a compensation, 12% debentures are converted into 14% debentures, the amount remaining ₹5,00,000.

(iii) Creditors are given the option to either accept 50% of their claim in cash in full settlement or to convert their claim into equity shares of ₹10 each. Creditors for ₹2,00,000 opt for shares in satisfaction of their claims.

(iv) To make payment to creditors opting for cash payment and to augment working capital, the company issues 50,000 equity shares of ₹10 each at par, the entire amount being payable along with applications. The issue was fully subscribed.

(v) Land and Buildings are revalued at ₹2,00,000 whereas plant and machinery is to be written down to ₹2,10,000. A provision amounting to ₹5,000 is to be made for doubtful debts.

Pass necessary journal entries and prepare the company's balance sheet immediately after the reconstruction. 20

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**2.(b)** किसी कम्पनी का उत्पाद तीन सुस्पष्ट प्रक्रमों में से गुजर कर पूर्ण होता है। पूर्वकालिक अनुभव से यह पता चला है कि प्रत्येक प्रक्रिया में सामान्य क्षति (वेस्टेज) इस प्रकार है :

| प्रक्रम | क्षति | क्षति का विक्रय मूल्य |
|---|---|---|
| ए (A) | 2% | 25 पैसे प्रति इकाई |
| बी (B) | 4% | 50 पैसे प्रति इकाई |
| सी (C) | 2·5% | 60 पैसे प्रति इकाई |

व्यय इस प्रकार थे : ₹

| विवरण | प्रक्रम ए | प्रक्रम बी | प्रक्रम सी |
|---|---|---|---|
| सामग्री | 12,000 | 10,000 | 9,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम | 16,000 | 5,000 | 4,900 |
| निर्माणी व्यय | 2,000 | 3,400 | 3,590 |
| अन्य फैक्ट्री व्यय | 3,500 | 2,005 | 2,004 |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

प्रक्रम ए में ₹13,560 की लागत से प्रारंभिक रूप से 4,000 इकाइयाँ शुरू की गईं। प्रत्येक प्रक्रम में उत्पादन इस प्रकार था :

| प्रक्रम | उत्पादन |
|---|---|
| ए | 3,850 इकाइयाँ |
| बी | 3,600 इकाइयाँ |
| सी | 3,500 इकाइयाँ |

प्रक्रम खाते बनाइये एवं यह भी ज्ञात कीजिए कि विक्रय मूल्य पर 20% लाभ प्राप्त करने हेतु, प्रति इकाई विक्रय मूल्य उत्पादित स्टॉक पर कितना हो। 15

The product of a company passes through three distinct processes to completion. From past experience, it is ascertained that the normal wastage in each process is as under :

| Process | Wastage | Sale value of wastage |
|---|---|---|
| A | 2% | 25 paise per unit |
| B | 4% | 50 paise per unit |
| C | 2·5% | 60 paise per unit |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

The expenses were as follows : ₹

| Particulars | Process A | Process B | Process C |
|---|---|---|---|
| Materials | 12,000 | 10,000 | 9,000 |
| Direct labour | 16,000 | 5,000 | 4,900 |
| Manufacturing expenses | 2,000 | 3,400 | 3,590 |
| Other factory expenses | 3,500 | 2,005 | 2,004 |

4,000 units were initially introduced in process A at a cost of ₹13,560. The output of each process was as under :

| Process | Output |
|---|---|
| A | 3,850 units |
| B | 3,600 units |
| C | 3,500 units |

Prepare process accounts and also work out the sale price per unit of finished stock so as to realize 20% profit on selling price. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

2.(c) निर्धारिती की कुल आय में अवयस्क बच्चे की और उसकी पत्नी की आय को शामिल करने के क्या उपबंध हैं ?

What are the provisions of inclusion of the income of a minor child and the wife of an assessee in his total income ? 15

3.(a) एक्स (40 वर्ष) की निर्धारण वर्ष 2018-19 के लिए कर-योग्य आय की संगणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| व्यापार से निवल आय | 8,00,000 |
| ऋणपत्र के हस्तांतरण से दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ (यदि बिना इन्डेक्सेशन के संगणना की जाय) | 6,00,000 |
| सूचीबद्ध ऋणपत्र के हस्तांतरण से दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ (इन्डेक्सेशन के बाद गणना) (एक्स का ₹2,50,000 का 20% की दर से कर अदा करना चाहता है न कि ₹6,00,000 का 10% की दर से) | 2,50,000 |
| एच यू एफ, जिसका वह सदस्य है, से प्राप्त आय का अंश | 82,000 |
| हार्स रेस से जीत (30% टी डी एस का निवल) | 70,000 |
| बैंक की स्थायी जमाओं पर ब्याज : | |
| — स्वयं के नाम में जमा | 1,17,000 |
| — नाबालिग पुत्र के नाम | 1,450 |
| — नाबालिग पुत्री के नाम | 8,000 |
| — बालिग अविवाहित पुत्री के नाम | 70,000 |
| अपने 67 वर्षीय बड़े भाई की मेडिकल चिकित्सा पर किया गया व्यय (एक्स पर आश्रित, दिव्यांग व्यक्ति) | 8,000 |
| बालिग पुत्री के प्रबन्ध में स्नातक कोर्स में अंशकालीन अध्ययन हेतु लिए गये ऋण की वापसी (ऋण एक अधि-सूचित धर्मार्थ संस्थान से लिया जाता है) | 6,90,000 |
| उपर्युक्त ऋण पर ब्याज का भुगतान | 76,000 |
| उपर्युक्त अधिसूचित धर्मार्थ संस्थान को दान | 5,000 |
| निर्धारण वर्ष 2014-15 से संबंधित एक बन्द व्यवसाय से अग्रसारित हानि | 26,000 |
| नवम्बर 10, 2017 को एक मित्र से ₹1,15,000 में कलात्मक वस्तु का क्रय (जब कि बाजार मूल्य ₹1,70,000 है) | 1,15,000 |
| लोक भविष्य निधि खाता में जमा एवं एन एस सी IX इशू का क्रय | 1,63,000 |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Compute the taxable income of X (40 years) for the assessment year 2018-19.

| | ₹ |
|---|---|
| Net income from trading business | 8,00,000 |
| Long-term capital gain on transfer of debentures (if computed without indexation) | 6,00,000 |
| Long-term capital gain on transfer of listed debentures (computed after indexation) (X wants to pay tax at the rate of 20% of ₹2,50,000 and not at the rate of 10% of ₹6,00,000) | 2,50,000 |
| Share of income from HUF in which he is a member | 82,000 |
| Winning from horse races (net of TDS of 30 per cent) | 70,000 |
| Interest on bank fixed deposits : | |
| — Deposit in his own name | 1,17,000 |
| — In the name of minor son | 1,450 |
| — In the name of minor daughter | 8,000 |
| — In the name of major unmarried daughter | 70,000 |
| Expenditure incurred for medical treatment of his 67 years old elder brother (dependent of X, being a person with disability) | 8,000 |
| Repayment of loan taken for part-time studies of major daughter for graduate course in management (loan is taken from a notified charitable institute) | 6,90,000 |
| Payment of interest from the aforesaid loan | 76,000 |
| Donation to the aforesaid notified charitable institute | 5,000 |
| Brought forward loss of a discontinued business pertaining to the assessment year 2014-15 | 26,000 |
| Purchase of a work of art on November 10, 2017 from a friend for ₹1,15,000 (market value is, however, ₹1,70,000) | 1,15,000 |
| Deposit in Public Provident Fund account and purchase of NSC IX issue | 1,63,000 |

25

**3.(b)** एक कंपनी के मामले में उन बिन्दुओं को बतलाइये जिन पर विभाज्य लाभों के निर्धारण के समय विचार किया जाता है। कम्पनी द्वारा लाभांशों के भुगतान के सम्बन्ध में लेखा परीक्षक के कौन-कौन से कर्त्तव्य हैं ?

State the points to be considered while determining divisible profits in case of a company. What are the auditor's duties in regard to payment of dividends by a company ? 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

3.(c) नकदी प्रवाह विवरण से संबंधित भारतीय लेखाकरण मानकों के प्रमुख प्रावधानों को संक्षेप में समझाइये ।

Explain, in brief, the main provisions of Indian Accounting Standards regarding cash flow statement. 10

4.(a) 31 मार्च, 2016 को भूषण कम्पनी लिमिटेड के निम्नलिखित शेष हैं :

| ऋण (डेबिट) | ₹ | जमा (क्रेडिट) | ₹ |
|---|---|---|---|
| भूमि एवं भवन | 30,72,000 | अंश पूंजी (4,00,000 शेयर ₹10 प्रत्येक) | 40,00,000 |
| प्लाण्ट एवं मशीनरी | 33,00,000 | | |
| स्टॉक | 7,50,000 | 12% ऋणपत्र | 30,00,000 |
| विभिन्न देनदार | 8,70,000 | लाभ-हानि खाता | 2,62,500 |
| गुडविल | 2,50,000 | देय बिल | 3,70,000 |
| बैंक में नकद | 4,06,500 | लेनदार | 4,00,000 |
| बकाया मांगें | 75,000 | विक्रय | 41,50,000 |
| प्रदत्त अन्तरिम लाभांश | 3,92,500 | सामान्य संचिति | 2,50,000 |
| खरीदारियां | 18,50,000 | अशोध्य ऋण (01.04.2015 को प्रावधान) | 35,000 |
| प्रारंभिक व्यय | 50,000 | | |
| मजदूरियां | 9,79,800 | | |
| सामान्य व्यय | 68,350 | | |
| वेतन | 2,02,250 | | |
| डूबे ऋण | 21,100 | | |
| प्रदत्त ऋणपत्र पर ब्याज | 1,80,000 | | |
| | 1,24,67,500 | | 1,24,67,500 |

निम्नलिखित अतिरिक्त जानकारियां उपलब्ध हैं :

(a) प्लाण्ट एवं मशीनरी पर 15% ह्रास काटना

(b) प्रारंभिक व्ययों से ₹5,000 को बट्टे खाते डालना

(c) आधे वर्ष का डिबेंचर ब्याज बाकी

(d) देनदारों के लिए संदिग्ध ऋणों पर 5% जमा का प्रावधान

(e) आय कर के लिए 50% की दर से प्रावधान करना

(f) 31 मार्च, 2016 को स्टॉक ₹9,50,000 था

(g) कर्मचारी क्षतिपूर्ति हेतु ₹25,000 के एक दावे का कम्पनी विरोध कर रही है ।

कम्पनी के अन्तिम लेखे बनाइये ।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

The following are the balances of Bhushan Co. Ltd. as on 31st March, 2016 :

| Debit | ₹ | Credit | ₹ |
|---|---|---|---|
| Land & Buildings | 30,72,000 | Share Capital | 40,00,000 |
| Plant & Machinery | 33,00,000 | 4,00,000 shares @ ₹10 each | |
| Stock | 7,50,000 | 12% Debentures | 30,00,000 |
| Sundry Debtors | 8,70,000 | P/L A/c. | 2,62,500 |
| Goodwill | 2,50,000 | Bill Payable | 3,70,000 |
| Cash at Bank | 4,06,500 | Creditors | 4,00,000 |
| Calls in arrear | 75,000 | Sales | 41,50,000 |
| Interim Dividend paid | 3,92,500 | General reserve | 2,50,000 |
| Purchases | 18,50,000 | Bad Debt | 35,000 |
| Preliminary Expenses | 50,000 | (Provision on 01.04.2015) | |
| Wages | 9,79,800 | | |
| General Expenses | 68,350 | | |
| Salaries | 2,02,250 | | |
| Bad debts | 21,100 | | |
| Debentures interest paid | 1,80,000 | | |
| | 1,24,67,500 | | 1,24,67,500 |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

The following additional information is available :

(a) Depreciate Plant & Machinery by 15%

(b) Write off ₹5,000 from Preliminary Expenses

(c) Half-year's Debenture interest due

(d) Credit 5% provision on Debtors for doubtful debts

(e) Provide for Income Tax @ 50%

(f) Stock on 31st March 2016 was ₹9,50,000

(g) A claim of ₹25,000 for workmen's compensation is being disputed by the company.

Prepare Final Accounts of the company. 20

4.(b) "बैंकों की लेखापरीक्षा तुलन-पत्र एवं अग्रिमों की लेखापरीक्षा होती है।" समझाइये। निष्पादी और अ-निष्पादी परिसंपत्तियों के बीच विभेदन कीजिए।

"The audit of banks is the audit of balance sheet and advances." Explain. Distinguish between performing and non-performing assets. 20

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

4.(c) "मानक लागत निर्धारण को उद्योगों में लागतों के नियंत्रण के लिए एक प्रभावी साधन के रूप में सर्वत्र स्वीकार किया जाता है।" इस कथन के प्रकाश में, मानक लागत निर्धारण के उद्देश्यों को समझाइये।

"Standard costing is universally accepted as an effective instrument for controlling costs in industries." In the light of this statement, explain the objectives of standard costing. 10

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) प्रमुख वित्तीय निर्णयों, परिलब्धि (रिटर्न), जोखिम एवं बाजार मूल्य के बीच सम्बन्ध का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the relationship between the key financial decisions, return, risk and market value. 10

5.(b) "ए.बी.सी. विश्लेषण, एफ.एस.एन. विश्लेषण एवं मालसूची आवर्त अनुपात (इनवेन्टरी टर्न ओवर अनुपात) सामग्री प्रबन्ध का सामान्य रूप से सर्वाधिक प्रयुक्त साधन हैं।" प्रत्येक साधन को संक्षेप में समझाइये एवं उसकी लोकप्रियता के कारणों को बतलाइये।

"ABC Analysis, FSN Analysis and Inventory Turnover Ratio are the most commonly used tools of inventory management." Explain each tool in brief and state the reasons for their popularity. 10

5.(c) निवेश निर्णयन प्रक्रम में जोखिम को समाविष्ट करने के निम्नलिखित तरीकों की विवेचना कीजिए : जोखिम समायोजित छूट विधि एवं निश्चितता तुल्यमान विधि।

Discuss the following ways of incorporating risk in the investment decision making process : The Risk-Adjusted Discount Method and The Certainty Equivalent Method. 10

5.(d) "वित्तीय बाजारों का वर्गीकरण वित्तीय दावों के प्रकारों, दावों की परिपक्वता, नए निर्गमों को प्रदर्शित करने वाले दावों या बकाया निर्गमों, सुपुर्दगी का समय एवं संगठन संरचना की प्रकृति के आधार पर किया जा सकता है।" संक्षेप में वर्गीकरण का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

"Financial markets can be classified based on types of financial claims, maturity of claims, claims representing new issues or outstanding issues, timing of delivery and nature of its organisation structure." Summarise the classification in brief. 10

5.(e) ऋण श्रेणीयन में, 'क्रिसिल' के द्वारा प्रयुक्त श्रेणीयन कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिए। ऋण प्रपत्र के जोखिम स्तर के निर्धारण के लिए क्रिसिल द्वारा क्या-क्या प्रतीक इस्तेमाल किए जाते हैं ?

Explain the rating methodology used by CRISIL in debt rating. What symbols are used by CRISIL for determining the risk level of a debt instrument ? 10

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

6.(a) ए.बी.सी. लिमिटेड निम्नलिखित उधार नीति विकल्पों पर विचार कर रहा है :

| विवरण | विद्यमान नीति | विकल्प – क | विकल्प – ख |
|---|---|---|---|
| (A) उधार विक्रय (₹ लाख में) | 10·00 | 9·60 | 12·00 |
| (B) उधार अवधि (दिनों में) | 30 | 45 | 60 |
| (C) डूबा ऋण (विक्रय का प्रतिशत) | 5 | 4 | 6 |
| (D) उधार प्रशासन की लागत (₹ लाख में) | 0·40 | 0·25 | 0·50 |
| (E) औसत संग्रह अवधि (दिनों में) | 45 | 50 | 70 |

कम्पनी विक्रय पर 40% अंशदान प्राप्त करने की अपेक्षा करती है। इसकी निवेश पर आवश्यक परिलब्धि दर (रेट ऑफ रिटर्न) प्रतिवर्ष 20% है। मान लें कि वर्ष में 365 दिन हैं। आप को सुझाव देना है कि कम्पनी के लिए कौन-सा उधार-अवधि-विकल्प अधिक उपयुक्त है।

ABC Ltd. is considering the following credit policy alternatives :

| Particulars | Existing Policy | Option – A | Option – B |
|---|---|---|---|
| (A) Credit Sales (₹ in lakhs) | 10·00 | 9·60 | 12·00 |
| (B) Credit Period (days) | 30 | 45 | 60 |
| (C) Bad Debt (% of sales) | 5 | 4 | 6 |
| (D) Cost of Credit Administration (₹ in lakhs) | 0·40 | 0·25 | 0·50 |
| (E) Average Collection Period (days) | 45 | 50 | 70 |

The company expects to achieve a contribution of 40% on sales. It has the required rate of return on investment of 20% p.a. Assume 365 days in a year. You are required to suggest which credit period option is more suitable to the company. 20

6.(b) 'क्रिशिव कारपोरेशन' की निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध है :

— प्रति शेयर आय : ₹ 4·00

— निवेशों पर परिलब्धि दर : 18%

— शेयरधारियों द्वारा वांछित परिलब्धि दर (रेट ऑफ रिटर्न) : 15%

यदि पेआउट अनुपात 40 प्रतिशत ? 50 प्रतिशत ? 60 प्रतिशत हो ? तो वाल्टर माडल के अनुसार प्रति शेयर क्या कीमत होगी ?

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

The following information is available for KRISHIV Corporation :

— Earning per share : ₹4·00

— Rate of return on investments : 18 per cent

— Rate of return required by shareholders : 15 per cent

What will be the price per share as per the Walter Model if the payout ratio is 40 per cent ? 50 per cent ? 60 per cent ? 15

6.(c) "किसी फर्म की भारित औसत पूँजी लागत (डब्ल्यू.ए.सी.सी.) अनेक कारकों पर निर्भर करती है जो फर्म की निवेश और वित्तीयन नीतियों के बाहर होते हैं।" संक्षेप में समझाइये।

"The Weighted Average Cost of Capital (WACC) of a firm, depends on many factors which are beyond the control on the investment and financing policies of a firm." Explain in brief. 15

7.(a) नाम्या लिमिटेड अपने तैयार उत्पाद हेतु आवश्यक घटकों में से एक के विनिर्माण करने की साध्यता बनाना चाहती है। इसके पास दो विकल्प है – एक, अपने वर्त्तमान आपूर्तिकर्त्ता से क्रय करना या दूसरा, इसे स्वसंस्थागत निर्मित करना।

इसकी वर्त्तमान आपूर्तिकर्त्ता ने प्रतिवर्ष 6000 यूनिटों की जरूरत को ₹125 प्रति यूनिट की दर से आपूर्ति करने की इच्छा प्रदर्शित की है।

यदि घटक का स्वसंस्थागत विनिर्माण होता है तो इसके लिए आवश्यक उपकरणों की लागत ₹10 लाख होगी एवं पाँच वर्ष के पश्चात् उसका अनुमानित बचाव मूल्य ₹2 लाख रहेगा। अतिरिक्त स्थायी लागत (ह्रास को छोड़कर) अनुमानतः बढ़कर ₹1 लाख प्रति वर्ष होगी। प्रत्येक घटक के निर्माण पर परिवर्तनशील लागत ₹30 प्रति यूनिट होगी। कम्पनी 35 प्रतिशत कर दर के अन्तर्गत है। इस परियोजना के लिए पूंजी लागत 15 प्रतिशत है। कम्पनी की अनुमानित वार्षिक आवश्यकता पाँच वर्ष हेतु 7,500 यूनिट प्रति वर्ष है। WDV विधि के आधार पर ह्रास का कर प्रासंगिक दर 25 प्रतिशत है।

कंपनी को सलाह दीजिए कि इसको बाहरी आपूर्तिकर्ता से क्रय जारी रखना चाहिए अथवा स्वयं का निर्माण प्रारंभ करना चाहिए। क्या आप का उत्तर भिन्न होगा यदि प्रतिवर्ष कम्पनी को सिर्फ 6000 यूनिटों की आवश्यकता हो, तो है।

| वर्ष | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| ₹1 का 15% पर वर्तमान मूल्य | 0·870 | 0·756 | 0·658 | 0·572 | 0·497 |
| ₹1 वार्षिकी का वर्तमान मूल्य 15% पर | 0·870 | 1·626 | 2·283 | 2·855 | 3·352 |

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Namya Ltd. wants to prepare the feasibility of manufacturing one of the components needed for its finished product. It has two options of purchasing from its present supplier or to manufacture it in-house.

Its present supplier has shown the willingness to provide at ₹125 per unit for the company's requirement of 6000 units per year.

If the component is manufactured in-house, it requires equipments costing ₹10 lakh and is expected to have salvage value of ₹2 lakh after the expiry of five years. Additional fixed cost (excluding depreciation) are estimated to increase by ₹1 lakh per year. The variable cost of manufacturing each component will be ₹30 per unit. The company is subject to a 35 per cent tax rate. Its cost of capital is 15 per cent for this project. The company's projected annual needs is at 7500 units per year for 5 years. The tax relevant rate of depreciation is 25 per cent based on WDV method.

Advise the company, whether it should continue buying from outside supplier or start its own manufacturing. Will your answer be different if the requirement of the company is only 6000 units per year ?

| Year | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| The present value of ₹1 at 15% | 0·870 | 0·756 | 0·658 | 0·572 | 0·497 |
| The present value of an Annuity of ₹1 at 15% | 0·870 | 1·626 | 2·283 | 2·855 | 3·352 |

20

7.(b) 'मयूर मैन्यूफक्चरिंग लिमिटेड की ईक्विटी शेयर पूँजी ₹5,00,000 है, (अंकित मूल्य ₹10) । विस्तार योजना की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, कम्पनी ₹3,00,000 बढ़ाना चाहती है । निधियों को बढ़ाने के लिए, कम्पनी निम्नलिखित चार वैकल्पिक स्रोतों पर विचार कर रही है :

योजना क : पूरी राशि ईक्विटी शेयर से प्राप्त करना ।

योजना ख : ₹1 लाख ईक्विटी से एवं ₹2 लाख वित्तीय संस्थान से 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज दर पर जुटाना ।

योजना ग : पूरी राशि ₹3 लाख, बैंक से 10% प्रतिवर्ष ब्याज दर पर जुटाना ।

योजना घ : ₹1 लाख ईक्विटी से एवं ₹2 लाख 8% प्रतिवर्ष लाभांश पर तरजीही शेयरों के निर्गमन से ।

विस्तार योजना कार्यक्रम के पश्चात् कम्पनी ₹1,50,000 आय प्राप्त करने की उम्मीद करती है । कम्पनी पर 35% कर दर लागू है । उपयुक्त योजना का सुझाव दीजिए ।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Mayur Manufacturing Ltd. has equity share capital of ₹5,00,000 (face value ₹10). To meet the requirement of expansion plan, the company wishes to raise ₹3,00,000. The company is considering the following four alternative sources to raise the funds :

Plan A : To have full money from the equity shares.

Plan B : To raise ₹1 lakh from equity and ₹2 lakhs by borrowing from financial institution @ 10% rate of interest per annum.

Plan C : To raise full money of ₹3 lakhs from bank at 10% rate of interest per annum.

Plan D : ₹1 lakh in equity and ₹2 lakhs issue of preference shares at 8% per annum dividend.

The company is expected to have earnings of ₹1,50,000 after the expansion programme. The tax rate applicable to company is 35%. Suggest the suitable plan. 15

7.(c) वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में इस्तेमाल किये जाने वाले निम्नलिखित अनुपातों को परिभाषित एवं मूल्यांकन कीजिए :

(i) तत्काल अनुपात (एसिड टैस्ट अनुपात)

(ii) ब्याज संरक्षण अनुपात

(iii) औसत संग्रह अवधि

(iv) विनियोजित पूंजी पर परिलब्धि

(v) कीमत — आय अनुपात

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Define and evaluate the following ratios used for analysis of financial statements :

(i) Acid-test ratio

(ii) Interest coverage ratio

(iii) Average collection period

(iv) Return on capital employed

(v) Price — earning ratio 15

8.(a) विलय के मामले में विनिमय अनुपात निर्धारण के कौन-कौन से विभिन्न आधार होते हैं ? अधिग्रहित करने, अधिग्रहित एवं संयोजित फर्म की दृष्टि से किस प्रकार विनिमय दर की सीमाएं निर्धारित की जाती हैं ?

What are the different bases for establishing the exchange ratio in case of a merger ? How the boundaries for exchange rate is determined from the view point of acquiring, acquired and combined firm ? 20

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**8.**(b) भारत में उद्यम पूंजी उद्योग की दशा की विवेचना कीजिए।

Discuss the state of the venture capital industry in India. 15

**8.**(c) मोदी ग्ल्यानी और मिलर प्रस्थापना-I कि पूंजी संरचना पूंजी मिश्रण से स्वतंत्र होती है में किए गए अभिगृहीतों का कथन कीजिए। निम्नलिखित आंकड़ों का इस्तेमाल करते हुए, और एक उदाहरण प्रस्तुत करके, समझाइए कि आर्बिट्रेज प्रक्रम किस प्रकार इस थियोरी को सही साबित करता है।

श्याम लिमिटेड एवं राम लिमिटेड समान जोखिम श्रेणी में हैं। राम लिमिटेड के पास ऋण पूंजी नहीं है। श्याम लिमिटेड के पास दोनों, ऋण एवं ईक्विटी पूंजी है। अन्य विवरण निम्नलिखित हैं :

| विवरण | राम लिमिटेड | श्याम लिमिटेड |
|---|---|---|
| निवल परिचालन आय (₹) | 10,00,000 | 10,00,000 |
| ऋण व्याज (₹) | — | 3,00,000 |
| ऋण पूंजीकरण दर | — | 10% |
| ईक्विटी पूंजीकरण दर | 14% | 18% |
| औसत पूंजी लागत | 14% | 14·52% |

एक निवेशक ने राम लिमिटेड के 1,00,000 मूल्य के ईक्विटी शेयर अपने पास रखे हुए है। वह किस आरबिट्रेज को अपनायेगा ?

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

State the assumptions made in Modigliani and Miller Proposition-I that the capital structure is independent of capital mix. Explain with an example that how arbitrage process justifies the theory, using the following data.

Shyam Ltd. and Ram Ltd. belong to same risk class. Ram Ltd. has no debt capital. Shyam Ltd. has both debt and equity capital. Other details are as under :

| Particulars | Ram Ltd. | Shyam Ltd. |
|---|---|---|
| Net Operating Income (₹) | 10,00,000 | 10,00,000 |
| Debt Interest (₹) | — | 3,00,000 |
| Debt Capitalisation Rate | — | 10% |
| Equity Capitalisation Rate | 14% | 18% |
| Average Cost of Capital | 14% | 14·52% |

One investor is holding ₹1,00,000 worth of equity shares of Ram Limited. What arbitrage will he resort to ? 15